**टीएफडी-2022-23-000119**

**दिनांक 09/12/2023**

**विषय: गल्फूड 2024, दुबई, संयुक्त अरब अमीरात (19-23 फरवरी, 2024) में एपीडा की सहभागिता**

**प्रिय निर्यातक,**

एपीडा द्वारा **गल्फूड 2024** में भागीदारी ली जा रही है जो 19-23 फरवरी 2024 तक दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2023 में आयोजित गल्फूड का पूर्व संस्करण काफी सफल रहा। यह अखिल विश्व के कृषि उत्पादों के आयातकों और निर्यातकों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय भी है।

प्रदर्शनी को भारतीय खाद्य उत्पादों को प्रदर्शित करने और भारतीय निर्यातकों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया जाएगा। भारतीय पवेलियन में 9 वर्ग मीटर आकार में लगभग 80-90 निर्मित स्टॉल होंगे और निर्यातकों को आवंटित किए जाएंगे।

इस संबंध में, एपीडा द्वारा **गल्फूड 2024** में भागीदारी के लिए पवेलियन के अंतर्गत पंजीकृत सदस्य निर्यातकों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

इच्छुक सहभागी दिए गए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं

https://apeda.gov.in/apedawebsite/trade_promotion/International_trade_event_2023_24.htm

ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पूर्व, 5 लाख रुपये की राशि निम्नलिखित बैंक खाते में विप्रेषित की जाए:-

**खाते का नाम: कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा)**

**खाता सं. 57022180304**

**आईएफएससी कोड: SBIN0007407**

**बैंक: भारतीय स्टेट बैंक**

**शाखा: एशियाई खेल गांव परिसर**

यह राशि केवल अभिरुचि की अभिव्यक्ति दर्शाने के लिए है। अंतिम राशि की गणना मंत्रालय से अनुमोदन मिलने के बाद की जाएगी। निर्यातकों को स्टॉल आवंटित न होने की स्थिति में अभिरुचि की अभिव्यक्ति की राशि वापस कर दी जाएगी।

इवेंट में भाग लेने के अनुरोध पर 25.12.2023 तक विचार किया जाएगा। स्टॉल का आवंटन गल्फूड और एपीडा मानदंडों को पूरा करने के बाद किया जाएगा। यदि आवेदकों की संख्या स्टाल की उपलब्धता से अधिक है तो आवंटन अध्यक्ष, एपीडा द्वारा निर्धारित किए गए मानदंडों के आधार पर किया जाएगा।

किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए आप श्री प्रशांत वाघमारे , उप महाप्रबंधक , एपीडा, संपर्क विवरण- 9538133387, ईमेल आईडी- ppwaghmare@apeda.gov.in और श्री सी.एस. दुदेजा , सहायक महाप्रबंधक , एपीडा, संपर्क विवरण- 8851534001, ईमेल आईडी- csdudeja@apeda.gov.in से संपर्क कर सकते हैं।

धन्यवाद,

भवदीय,

डॉ. सुधांशु
सचिव